अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ0ग0)

पुराना हाईकोर्ट भवन, गांधी चौक के पास, बिलासपुर, जिला– बिलासपुर (छ0ग0)

ईमेल– registrar@bilaspuruniversity.ac.in वेबसाईट : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 4555 / स्था.प्रशा. / 2020 बिलासपुर, दिनांक 04 / 08 / 2020

/ / अधिसूचना / /

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में शैक्षणिक सत्र 2020–21 में विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग एवं संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष/ प्रथम सेमेस्टर में छात्रों के ऑनलाईन पद्धति से प्रवेश हेतु फार्म भरने की तिथियॉ निम्नानुसार निर्धारित की जाती है–

क्र.	विवरण	निर्धारित तिथियॉ
01.	स्नातक प्रथम वर्ष/ प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पंजीयन की तिथि	दिनांक 05.08.2020 से दिनांक 25.08.2020 तक

टीपः– ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश आवेदन पत्र भरने तथा प्रवेश संबंधी समस्त प्रक्रियाएं, कोविड–19 के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिये शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए किया जाना सुनिश्चित करें।

<u>छात्र / छात्राओं हेतु निर्देशः–</u>

- प्रवेश आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन माध्यम से ही जमा किया जा सकेगा। किसी भी परिस्थिति में अन्य माध्यमों से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगें तथा इस हेतु छात्रों को महाविद्यालय या विश्वविद्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।
- विश्वविद्यालय द्वारा विकसित प्रवेश संबंधी ऑनलाईन पोर्टल पूर्णतः मोबाईल फ्रेंडली है। अतैव छात्र आवेदन पत्र मोबाईल के माध्यम से भी भर सकते है। इसके लिये उन्हें सायबर कैफे या अन्य जगह जाने की आवश्यकता नहीं होगी।
- ऑनलाईन आवेदन करते समय छात्रों को अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। छात्र अपना स्वयं का मोबाईल नंबर/व्हाट्सएप नंबर तथा ई–मेल आईडी का ही उपयोग करें। अन्यथा की स्थिति में छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे।
- प्रवेश आवेदन पत्र भरने हेतु 50 रूपये (पचास रूपये मात्र) शुल्क निर्धारित है जो ऑनलाईन माध्यम से देय होगा। छात्र इस शुल्क के साथ असीमित संख्या में वरीयता क्रम के अनुसार पाठ्यक्रमों तथा महाविद्यालयों हेतु आवेदन कर सकता है। छात्र login करके अपने फार्म का प्रिंट कभी भी निकाल सकते है।
- छात्र द्वारा विकल्प के तौर पर भरे गये पाठ्यक्रमों तथा महाविद्यालयों में परिवर्तन आवेदन की अंतिम तिथि तक छात्र के द्वारा स्वयं की जा सकेगी।
- आवेदन पत्र का पंजीयन हेतु छात्रों को विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in में जाकर Admission 2020-21 में click करके विभिन्न चरणों का पालन करते हुए पूर्ण करना होगा। ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने संबंधी चरणबद्ध सूची इस अधिसूचना के अंतिम में दी गयी है।

- निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् प्रावीण्य सूची संबंधित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों द्वारा जारी की जावेगी एवं छात्रों को संस्था के निर्देशानुसार निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश लेना होगा।
- संबंधित संस्था में प्रवेश उपरांत छात्रों को विश्वविद्यालय के वेबपटल में जाकर ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित नामांकन शुल्क रूपये 300.00 (तीन सौ मात्र) जमा करना अनिवार्य है। तत्पश्चात् ही संबंधित संस्था में छात्र का प्रवेश मान्य हो सकेगा। नामॉकन शुल्क जमा न होने की स्थिति में प्रवेश अमान्य होगा।
- छात्र ऑनलाईन प्रवेश संबंधी किसी भी समस्या हेतु विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नंबर 8889928648 में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है अथवा विश्वविद्यालय के ई-मेल (helpdesk@bilaspuruniversity.ac.in) के माध्यम से भी समाधान प्राप्त कर सकते है।
- छ0ग0 माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा जारी वर्ष 2020 के 12वीं के परिणाम के अनुक्रमांक (रोल नंबर) के आधार पर प्रवेश हेतु पंजीयन होगा। उक्त के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के आवेदकों को प्रवेश पंजीयन, मैनुअल प्रक्रिया से करना होगा।
- वर्तमान प्रवेश प्रक्रिया केवल स्नातक प्रथम वर्ष के लिये है। स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पृथक अधिसूचना के माध्यम से जारी की जावेगी।

आदेशानुसार

(डॉ. सुधीर शर्मा)
कुलसचिव

पृ0 क्रमांक/4556/स्था.प्रशा./2020 बिलासपुर, दिनांक 04/08/2020

प्रतिलिपिः-

1. माननीय कुलपति महोदय के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के सचिव, रायपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. सचिव, छ0ग0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
5. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
6. परीक्षा नियंत्रक/वित्त अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
7. विभागाध्यक्ष, समस्त विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
8. सहायक कुलसचिव (अकादमी) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
9. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, बिलासपुर संस्करण को इस निवेदन के साथ कि उक्त अधिसूचना को छात्रहित के दृष्टिगत अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में समाचार के रूप में प्रकाशित/प्रसारित करने का कष्ट करें।
10. कार्यालयीन प्रति।

सहायक कुलसचिव